आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 01.07.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

नए कानून

तीन नये आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से लागू हो गये हैं। ये नये आपराधिक कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं। इसे देखते हुए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने मौजूदा अपराध और अपराध ट्रेकिंग नेटवर्क और प्रणालियों में 23 संशोधन किये हैं। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि नए कानूनों में औपनिवेशिक कानूनों के विपरीत 'न्याय' प्रदान करने पर जोर दिया गया है, जबकि औपनिवेशिक कानूनों में 'सज़ा' पर अधिक ध्यान दिया जाता था।

---------------------------------------------

एनटीए पुन: परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी - एनटीए ने पुन: परीक्षा के बाद आज एक हजार 563 परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए। नए नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों की रैंक भी संशोधित की है। एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र एक हजार 563 परीक्षार्थियों में से 813 परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी। ये वे परीक्षार्थी थे जिन्हें मूल परीक्षा में अनुग्रह या प्रतिपूरक अंक दिए गए थे। इन्हें विकल्प दिया गया था कि वे या तो दोबारा परीक्षा में शामिल हों या अनुग्रह अंक के बिना अपने मूल अंकों को रखें।

---------------------------------------------

एलपीजी मूल्य कटौती

तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेण्डर की कीमत में तीस रूपये की कटौती की है। 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेण्डर का मूल्य परिवर्तन आज से प्रभावी होगा। मूल्य में कमी के कारण दिल्ली में इस सिलेण्डर का खुदरा बिक्री मूल्य अब एक हजार छह सौ छियालिस रूपये होगा।परिवहन व्यवस्था

प्रदेश में आज से राज्य सरकार ने नई परिवहन व्यवस्था लागू कर दी है। जिसमें परिवहन चौकियों की जगह अब रोड सेफ्टी एंड एनफोर्समेंट पॉइंट के रूप में चेक

पॉइंट काम करेंगे और इसकी मोबाइल यूनिट भी रहेगी। नई व्यवस्था में कुल 45 चेक प्वाइंट बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश में 211 होमगार्ड के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है । परिवहन नाकों के स्थान पर मोबाइल टीम कार्य करेगी। चेक पॉइंट पर पदस्थ अमला समयावधि में बदलेगा। प्रदेश के 26 सीमावर्ती जिलों में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं ।

-----------------------------------------------

मौसम

प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से बारिश का दौर चल रहा है। पिछले 24 से 48 घंटे में कई जगहों पर अति भारी बारिश भी हुई है। कल भोपाल समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। आज भी इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर-उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में भी मौसम बदला रहेगा। जबकि राजधानी भोपाल में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि 3 जुलाई से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होगा। जिससे 15 जुलाई तक अच्छी बारिश होगी।

धार जिले में पिछले 24 घंटे में 8 दशमलव 2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में पिछले वर्ष की तुलना में अब तक 57 मिलीमीटर अधिक बारिश हो चुकी है.

-----------------------------------------------

बीसीसीआई - पुरस्कार राशि

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी टी-ट्वंटी विश्व कप जीतने वाली टीम इंडिया के लिए एक सौ पच्चीस करोड रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है। बोर्ड के सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान असाधारण प्रतिभा, कौशल और खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने सभी खिलाडियों, कोच और सहयोगी स्टाफ को इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी।

-----------------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विधानसभा सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के कक्ष में जनप्रतिनिधियों के

साथ कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने श्री तोमर का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया।

2. आज नेशनल डॉक्टर्स डे' और "राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस" है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इन विशेष दिवसों पर सभी चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट को शुभकामनाएं दी है।

3. बैतूल जिले में प्री-मानसून की जोरदार बारिश होने से किसानों ने खरीफ फसलों की बोवनी शुरू कर दी थी। बैतूल जिले में खरीफ फसलों की बोवनी के लक्ष्य 4 लाख 41 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध अभी तक 90 फीसदी बोवनी हो गई है

4. आगरमालवा में आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ समारोह् आयोजित हुआ । और

5. टीकमगढ में आज पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने लोगों को तीन नए अपराधिक कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

---------------------------------------------